Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to fill up the posts of Gangmen and safety staff in Mumbai Sub-Urban railways.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): माननीय स्पीकर मैडम, आये दिन मुम्बई सब-अर्बन रेलवे में रेल फ्रैक्चर्स की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। लगभग 80 लाख से ज्यादा लोग रोज मुम्बई सब-अर्बन रेलवे में यात्रा करते हैं। लगातार हो रहे रेल फ्रैक्चर्स की घटनाओं के कारण जान जोखिम में डालकर यात्रियों को यात्रा करनी पड़ती है। रेलवे के ट्रैक्स को सुरक्षित रखने की जिम्मेवारी गैंगमैन की होती है। मुम्बई सब-अर्बन सेक्शन में कार्यरत गैंगमैन की संख्या 2030 है जबकि कुल स्वीकृत पद 3197 हैं। यह सब-अर्बन सेक्शन छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से लेकर कर्जत, कसारा और पनवेल स्टेशन तक फैला हुआ है। इस सेक्शन में 3458 पद सेफ्टी स्टाफ के लिए हैं। इनमें से केवल 2758 पदों को ही भरा गया है और 1867 पद रिक्त हैं।

यह यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ है। हाल ही में जब मुम्बई में मुसलाधार बारिश हो रही थी, तभी हार्बर लाइन पर मानखुर स्टेशन के नजदीक एक रेल फ्रैक्चर की घटना हुई थी। रेल अधिकारियों द्वारा उसकी मरम्मत कराये जाने के बजाए ट्रैक को केवल एक कपड़े के टुकड़े से बाँधकर उस पर लोकल ट्रेन्स चलवायी गयीं।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से दरख्वास्त करता हूँ कि ऐसे अधिकारियों पर सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाए तथा गैंगमैन और सेफ्टी स्टाफ के पोस्ट जल्द-से-जल्द भरे जाएँ।

माननीय अध्यक्ष:

सर्वश्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

राजन विचारे,

अरविंद सावंत,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

डॉ. कुलमणि सामल को डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अनुराग जी, आप क्या कहना चाहते हैं?